# प्रैस विज्ञप्ति

उत्कृष्ट महाविद्यालय सम्पौली में "सड़क सुरक्षा" के ऊपर एक
कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य-अतिथि के रुप में
श्री मंगत राम ठाकुर पुलिस उपाधीक्षक शिमला उपस्थित हुए।
कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालयीय प्राचार्य डॉ. सी॰वी॰ मेहता
ने की। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के एन॰सी॰सी॰ एवं
रोवर एण्ड रेन्जर के विद्यार्थियों ने विशेष रुप से भाग लिया।
इस अवसर पर नारा लेखन एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं
का आयोजन किया गया। मुख्यातिथि महोदय ने विद्यार्थियों को
सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी तथा
सड़कों पर बनाए गए विभिन्न चिन्हों के विषय में विस्तार पूर्वक
समझाया। कार्यक्रम के अध्यक्ष महाविद्यालयीय प्राचार्य ने बच्चों
का आह्वान किया कि यातायात के समय सड़क सुरक्षा नियमों का
विशेष रुप से पालन करें तथा अपनी एवं अन्य आगन्तुकों की सुरक्षा
सुनिश्चित करें। प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले विद्यार्थियों में
प्रिया, आरती, मीना, तमन्ना, सुनीता, अवान्तिका एवं नेहा को
पुरस्कार द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय
स्टाफ के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. राम लाल शर्मा, डॉ ज्ञानचन्द, डॉ
अनीता राठौर, डॉ सत्यनारायण स्नेही, डॉ रामेश्वर, डॉ मदन शाण्डिल, डॉ अजय,
डॉ कामायनी, डॉ पूनमा वर्मा, प्रो॰ कमलेश शर्मा, प्रो॰ कनुप्रिया,
प्रो॰ प्रियंका, डॉ. पूनम शर्मा आदि उपस्थित रहे।


ROAD SAFETY CLUB
COE-GDC Sanja




ROAD SAFETY CLUB
COE-GDC Sanjauli, Shimla-


EXIT

